प्रेस नोट

दिनांक 30.04.2024

थाना कुरारा पुलिस द्वारा 02 वर्षीय गुमशुदा बच्चे को सर्च अभियान चलाकर सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया।

अवगत कराना है कि दिनांक 29.04.2024 को समय शाम करीब 05.30 बजे श्री अनिल श्रीवास पुत्र श्री पप्पू श्रीवास निवासी गिमुहा का डेरा सिद्धबाबा थाना कुरारा जनपद हमीरपुर का लगभग 02 वर्षीय पुत्र अयांश श्रीवास घर के बाहर खेलते-खेलते गुम हो गया । परिजनों द्वारा बच्चे की काफी खोजबीन व तलाश की गई किन्तु बच्चे का कोई पता नही चल सका । जिस पर श्री अनिल श्रीवास द्वारा थाना कुरारा पर उपस्थित होकर दिये गये तहरीर के माध्यम से घटना के सम्बन्ध में सूचना दी गई । थाना कुरारा पुलिस द्वारा मामले को गम्भीरता से लेते हुए तत्काल सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया ।

पुलिस अधीक्षक महोदया, जनपद हमीरपुर के निर्देशन में गुमशुदा बच्चे की तलाश व सकुशल बरामदगी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया । क्षेत्राधिकारी सदर हमीरपुर द्वारा डॉग स्क्वायड टीम व थाना कुरारा पुलिस टीम को गुमशुदा बच्चे की सकुशल बरामदगी हेतु मौके पर पहुंचकर आवश्यक दिशा-निर्देश दियें गये। इसी क्रम में थाना कुरारा पुलिस व डॉग स्क्वायड टीम द्वारा रात्रि में लगातार सर्च अभियान चलाकर परिजनों व स्थानीय लोगो की मदद से आस-पास तलाश कर बच्चे को गिमुहा का डेरा में बबूल के घने पेड़ों के जंगलों में नाले के पास से आज दिनांक 30.04.2024 को समय करीब प्रातः 05.45 बजे सकुशल बरामद किया गया।

प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत हो रहा है कि बच्चा खेलते-खेलते रास्ता भटक जाने के कारण घर से दूर बबूल के जंगलों में चला आया था। बच्चे को प्राथमिक उपचार हेतु थाना कुरारा पुलिस व परिजनों द्वारा सीएचसी कुरारा लाया गया जहाँ पर डाक्टरों के द्वारा बच्चे को पूर्ण रुप से स्वस्थ्य बताया गया तत्पश्चात बच्चे को परिजनों को सुपुर्द किया गया । पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा बच्चे की सकुशल बरामदगी किये जाने पर परिजनों व स्थानीय लोगो द्वारा पुलिस टीम की प्रशंसा की गई।